# U. S. OSTWAL INTERNATIONAL SCHOOL

**OSTWAL WONDER CITY, BOISAR (E)**

**Term-I(2023-24)**

**Name :**__________________________________ **Date: / /23**

**Grade : VIII** **Max Marks: 80**

**Subject : Hindi** **Time:-2.30 min.**

**Roll no:**___________

**General Instructions:**

- **All questions are compulsory**
- **Do not write the questions. Directly write the answers.**
- **Write the paper neatly. Reading time : 15 minutes.**

**SECTION A (40 Marks)**

**प्रश्न 1.किसी एक विषय पर में अनुच्छेद लिखें।** (8)

विज्ञापनो की दुनिया (अथवा) भिक्षावृत्ति समाज के लिए अभिशाप

**प्रश्न.2 नीचे दिए किसी एक विषय पर संवाद लिखिए।** (7)

इंटरनेट के विषय में मां और बेटी के बीच संवाद

**(अथवा)**

दो सखियों के बीच संवाद

**प्रश्न.3 पेंसिल आदि स्टेशनरी का सामान बेचने हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।** (7)

**प्रश्न.4 नीचे दिए गये गद्यांशो को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (10)

खुशियाँ दूसरों से बाँटना, खुशी पाने का एक सोपान है; जैसे- ज्ञान देने से कभी नहीं घटता, वैसे ही खुशियाँ बाँटने से कभी कम नहीं होतीं। दूसरों को खुशी देने से, हमारा अपना खुशी का खजाना बढ़ता जाता है। दूसरों को खुशियों कई प्रकार से दी जा सकती हैं- उनकी भावनाओं का आदर कर, सहानुभूति रखकर मदद करके और दूसरों के सुख-दुख में सहभागी होकर किसी बड़े-बूढ़े को सड़क पार करा ऐना, बीमारी में सेवा करना, अपनी वस्तुओं को दूसरों से बाँटना, दूसरों को खुशियाँ देकर स्वयं खुशी याने के कुछ उदाहरण हैं। खुशी पाने के लिए सबसे जरूरी है सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाना। सकारात्मक दृष्टिकोण का अर्थ है- हर दुख, कष्ट, परेशानी में भी कोई अच्छाई ढूँढ सकने की क्षमता।
यदि हम होने वाली हर घटना का सकारात्मक पक्ष देखने की आदत डाल लें तो हर हाल में खुश रहने का मूलमंत्र हमारी मुट्ठी में आ जाएगा। यह खुशी पाने की पहली सीढ़ी या सोपान है। उदाहरण के लिए दौड़ में पिछड़ जाने का सकारात्मक पक्ष यह है कि हम और अधिक अभ्यास कर अपनी गति को बढ़ाएँ और यह सोचकर निराश न हों कि हम दौड़ में पिछड़ गए। बल्कि हम यह सोचें कि ऐसी कोई विशेषता हममें भी होगी जिससे हम आगे निकल सकते हैं।

(क) दूसरों को खुशी किस प्रकार दी जा सकती हैं?

(ख) खुशी पाने के लिए सबसे जरूरी क्या है?

(ग) सकारात्मक दृष्टिकोण का क्या अर्थ है?

(घ) खुशी पाने की पहली सीढ़ी क्या है?

(ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-** (8)

I) **निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही चार शब्दों के विलोम लिखिए :-**

बदबू,चैन, आंतरिक, बदसूरत, नफ़रत, दुर्गति

II) **निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें:-**

आंख सेकना,पीठ ठोंकना

III) **निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।**

तीन राहों का समूह-

जो शिक्षित ना हो-

IV) **सही क्रिया रूप लिखकर वाक्य पूरे कीजिए ।**

क) गिरने के पूर्व लोटा दुकान के सायवान से____________। (टकराना)

ख) गली में ज़ोर का हल्ला_________________। (उठना)

ग) उसे इसी प्रकार के दस लोटे प्रदान_________________। (करना)

घ) उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक________________। (खोलना)

## SECTION B (40 Marks)

**प्रश्न 6.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **(3)**

लाला झाऊलाल ने देखा कि इस भीड़ में प्रधान पात्र एक अंग्रेज है जो से भीगा हुआ है और जो अपने एक पैर को हाथ से सहलाता हुआ दूसरे पैर पर नाच रहा है। उसी के पास अपराधी लोटे को भी देखकर लाला झाऊलाल जी ने फ़ौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया। गिरने के पूर्व लोटा एक दुकान के साथवान से टकराया। वहाँ टकराकर उस दुकान पर खड़े उस अंग्रेज को उसने स्नान कराया और फिर उसी के बूट पर आ गिरा।

**(क)** भीड़ में प्रधान पात्र कौन था?

**(ख)** अंग्रेज एक पैर पर क्यों नाच रहा था?

**(ग)** गिरने के पूर्व लोटा कहाँ टकराया?

**प्रश्न 7.मूल्य परक प्रश्न।** **(6)**

क**)** पुरानी वस्तु की प्रमाणिकता आप किस प्रकार पहचानेंगे?

ख**)** किसी से पहचान बनाने के लिए आप रंगरूप अथवा गुण में से किसे महत्व देते हैं?

**प्रश्न 8. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(8)**

1. सुनयना का स्वभाव कैसा था?
2. तार द्वारा क्या सूचना दी गई थी?
3. अंग्रेज लोटा खरीदने के लिए क्यों राजी हो गया?
4. पोखरी के नाम से चातक पुत्र क्यों सिहर उठा?

**प्रश्न 9.सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए।** **(5)**

1. सदा समय एक सा नहीं रहता- यह वाक्य किसने कहा?

चातक ( ) चातक पुत्र ने ( ) गोकुल ने ( )

**2.** पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण शक्ति का आविष्कारक कौन था?

प्लेटो ( ) न्यूटन ( ) अरस्तु ( )

**3.** सन सत्तावन तक लोटा किस घराने में था?

शाही ( ) राजसी ( ) राजघराना ( )

**4.** सुनयना ने कक्षा में किनको मित्र बनाया था?

सुन्दर बच्चों को ( ) गरीब बच्चों को ( ) जो सुंदर नहीं है ( )

**5.** दादाजी ने बिल्ली का क्या नाम रखा?

कैटी ( ) झबरी ( ) रूसी ( )

**प्रश्न 10. आशय स्पष्ट कीजिए।** **(5)**

**क)** अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आंखों से ओझल हो गया।

**ख)** प्रश्न अपनी प्रतिष्ठा का था, अपने ही घर में अपनी साख का था।

**प्रश्न 11.नीचे दिए वाक्यों को बहुवचन में बदलकर लिखिए।** **(5)**

**क)** वह पढ़ने में तेज़ है।

ख) राधा ने सुंदर कविता पढ़ी।

ग) गायक ने अच्छा गीत गाया।

घ) तुम्हारी भावना समझ गया।

ङ) भैया ने मुझे मजेदार कहानी सुनाई।

**प्रश्न 11. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्वारा कीजिए।** **(5)**

(क) उसका हृदय वज्र के समान_________है। (कठोर, कोमल, सरल)

(ख) आजकल के नेता गिरगिट की तरह_____________बदलते हैं। (जबान, रंग, बात)

(ग) हमें राजा हरिश्चंद्र जैसा_____________बनना चाहिए। (धैर्यवान, सत्यवादी, वीर)

(घ) हमारे देश के सैनिक शिवाजी जैसे__________हैं। (धीर, वीर, गंभीर)

(ङ) मीरा की वाणी में शहद सी______________है। (कोमलता, तरलता, मिठास )

**प्रश्न 12. नीचे दिए शब्दों के आगे मिलते-जुलते युग्म शब्द लिखिए।** **(3)**

हरे - _______ पक्षी - __________ आस - __________

सीधा - __________ आमोद - __________ रूखा - __________

***ALL THE BEST***